**शासन के पत्र संख्या-4919(1)/नौ-5-2022-355 सा/2014 दिनांक 01 नवम्बर, 2022 द्वारा स्वच्छ भारत मिशन-नगरीय 1.0 के ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन मद के अन्तर्गत मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन की अध्यक्षता में गठित राज्य स्तरीय उच्चाधिकार समिति की बारहवीं बैठक दिनांक 02.11.2022 को सम्पन्न बैठक का कार्यवृत्तः-**

उपस्थितिः-बैठक में उपस्थित अधिकारीगण का विवरणः-

1. श्री दुर्गा शंकर मिश्र, मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश शासन।
2. श्री अमृत अभिजात, प्रमुख सचिव, नगर विकास विभाग, उ0प्र0 शासन।
3. श्री सुभाष शर्मा, प्रमुख सचिव, प्राविधिक शिक्षा व व्यावसायिक शिक्षा, उ0प्र0 शासन।
4. श्री एस0एम0ए0 रिजवी, सचिव, वित्त, उ0प्र0 शासन।
5. श्रीमती नेहा शर्मा, राज्य मिशन निदेशक, स्वच्छ भारत मिशन-नगरीय, उ0प्र0।
6. श्रीमती यशु रस्तोगी, निदेशक, राज्य नगरीय विकास अभिकरण, उ0प्र0।
7. श्री गौरव वर्मा, विशेष सचिव, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग।
8. श्री मधुन्दन, विशेष सचिव, ग्रामीण विकास विभाग।
9. श्री घनश्याम मिश्र, विशेष सचिव, वन एवं पर्यावरण विभाग।
10. श्री मनोज कुमार, विशेष सचिव, उच्च शिक्षा विभाग।
11. श्री राजेश कुमार अग्रवाल, संयुक्त सचिव, गृह विभाग।
12. श्री अवधेश कुमार तिवारी, विशेष सचिव, बेसिक शिक्षा विभाग।
13. श्री कृष्ण कुमार गुप्ता, विशेष सचिव, माध्यमिक शिक्षा विभाग।
14. श्री विनीत प्रकाश, विशेष सचिव, खेल विभाग।
15. श्री रामेश कुमार मिश्र, विशेष सचिव, आवास विभाग।
16. श्री आशुतोष निरन्जन, विशेष सचिव, नियोजन विभाग।
17. श्री राम गोपाल, सी0ई0ओ0, उ0प्र0 प्रदूषण नियन्त्रण बोर्ड, लखनऊ।

18. श्री ए0के0 गुप्ता, अपर निदेशक, आर0सी0यू0ई0एस0, लखनऊ।

19. डॉ0 सुनील कुमार यादव, उप निदेशक, स्वच्छ भारत मिशन-नगरीय, उ0प्र0।

20. श्री गुरू प्रसाद पाण्डेय, सहायक मिशन निदेशक, स्वच्छ भारत मिशन-नगरीय, उ0प्र0।

21. श्री आर0के0 लाल, सहायक अभियन्ता, स्वच्छ भारत मिशन-नगरीय, उ0प्र0।

22. श्री महेश कुमार पाण्डेय, मण्डल कार्यक्रम प्रबन्धक, स्वच्छ भारत मिशन-नगरीय, उ0प्र0।

23. श्री अक्षय सिंह, मण्डल कार्यक्रम प्रबन्धक, स्वच्छ भारत मिशन-नगरीय, उ0प्र0।

24. श्री दीपक यादव, मण्डल कार्यक्रम प्रबन्धक, स्वच्छ भारत मिशन-नगरीय, उ0प्र0।

सर्वप्रथम श्रीमती नेहा शर्मा, राज्य मिशन निदेशक महोदया द्वारा समिति के समक्ष स्वच्छ भारत मिशन-नगरीय 2.0 के मुख्य घटक ''ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन'' के विषयगत अवगत कराया गया। राज्य स्तरीय उच्चाधिकार समति की बारहवीं बैठक में ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन के अन्तर्गत लिगेसी वेस्ट निस्तारण हेतु प्राप्त प्रस्तावों पर विचारोपरान्त निम्न निर्णय लिये गये।

**<u>एजेण्डा बिन्दु-1</u>**

04 नगरीय निकायों यथा- पं0 दीन दयाल उपाध्याय नगर (चन्दौली), मंझनपुर (कौशाम्बी), शिकोहाबाद (फिरोजाबाद) एवं बेल्हा प्रतापगढ़ (प्रतापगढ़) में प्रोसेसिंग प्लान्ट अधिष्ठापन हेतु प्रस्ताव।

मिशन निदेशालय के पत्र संख्या-पी0एम0यू0/6129/429(15)/2019 दिनांक 15.07.2022 द्वारा 9 नगरीय निकायों में ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन परियोजना के अधिष्ठापन हेतु डी0पी0आर0 गठित किये जाने के लिए कार्यदायी संस्था सी0एण्डडी0एस0 को निर्देशित किया। सी0एण्डडी0एस0, उ0प्र0 जल निगम के पत्र संख्या-671/ म0प्र0(नि0-8)/कार्य-10/99 दिनांक 01.09.2022 द्वारा 04 नगरीय निकायों में नवीन प्लान्ट अधिष्ठापन हेतु गठित प्राक्कलन प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति हेतु मिशन निदेशालय को प्रेषित की गयी, जिसके सापेक्ष मिशन निदेशालय के पत्र संख्या-पी0एम0यू0/6437(1)/547/2022 दिनांक 01 सितम्बर, 2022 द्वारा गठित डी0पी0आर0 के पुनरीक्षण कार्य हेतु अपर निदेशक, आर0सी0यू0ई0एस0, लखनऊ को पत्र प्रेषित किया गया। 4 नगरीय निकायों के पुनरीक्षित प्रस्ताव निम्नवत् हैः-

| Sl No. | District | Name of Ulb | Proposed Capactiy ( In MTPD) | Project cost (In Lakhs) | Project Cost ( Including centage, GST and | Project cost by RCUEC ( In Lakhs) | Apprised cost ( Including centage, GST and |
|---|---|---|---|---|---|---|---|

| | | | | | Labour cess) Submitted by UPJN ( Rs. In Lakhs) | | Labour cess) By RCUES ( In Lakhs) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Chandauli | Pt. Deen Dayal Upaddhay Nagar (NPP) | 50 | 675.07 | 865.4 | 640.51 | 822.23 |
| 2 | Kaushambi | Manjhanpur (NPP) | 50 | 664.42 | 852.1 | 628.55 | 807.29 |
| 3 | Firozabad | Shikohabad (NPP) | 50 | 823.77 | 1053.59 | 678.03 | 869.1 |
| 4 | Pratapgarh | Bela Pratapgarh (NPP) | 50 | 806.09 | 1029.07 | 645.67 | 828.67 |
| Total ( IN Lakhs) | | | 200 | 2969.35 | 3800.16 | 2592.76 | 3327.29 |

अतः उपरोक्त निकायों यथा पं0 दीनदयाल उपाध्याय नगर (चन्दौली), मंझनपुर (कौशाम्बी), शिकोहाबाद (फिरोजाबाद) एवं बेल्हा प्रतापगढ (प्रतापगढ़) में ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन के अधिष्ठापन हेतु सिविल कार्यो के लिये गठित प्राक्कलन आर 0 सी0 यू0 ई 0 एस 0 से परीक्षणोपरान्त कुल लागत रू0 3327.29 लाख (जी0 एस 0 टी0, लेबरसेस एवं सेन्टेज सहित) के प्रस्तावों पर समिति द्वारा स्वीकृति प्रदान की गयी तथा यह निर्देश प्रदान किये गये कि निकायों द्वारा पी0 पी0 पी0 मॉडल पर इसके संचालन इत्यादि का कार्य कराया जायेगा।

उपरोक्त प्रस्ताव राज्य स्तरीय उच्चाधिकार समिति के समक्ष अनुमोदन हेतु प्रस्तुत किया गया।

**निर्णय-**मा0 समिति द्वारा उपरोक्त म्यूनिसिपल सॉलिड वेस्ट प्लान्ट के सिविल निर्माण के साथ-साथ सूखे एवं गीले कूड़े का अलग-अलग निस्तारण वैज्ञानिक पद्धति से कराये जाने हेतु विस्तृत कार्ययोजना बनाकर आगामी राज्य स्तरीय उच्चाधिकार समिति के समक्ष प्रस्तुत किये जाने के निर्देश दिये गये।

**<u>एजेण्डा बिन्दु-2</u>**

प्रदेश के 15 नगरीय निकायों यथा-नगर निगम लखनऊ, बरेली, मथुरा-वृन्दावन, प्रयागराज, मेरठ, नगर पालिका परिषद गंगाघाट, मुरादनगर, अकबरपुर (अम्बेडकरनगर) हरदोई, लखीमपुर-खीरी, फर्रूखाबाद, चन्दौसी (सम्भल), सिकन्दराबाद (बुलन्दशहर), गोण्डा एवं नगर पंचायत मलिहाबाद (लखनऊ) में लिगेसी वेस्ट के निस्तारण के संबंध में प्रस्तुत डी0 पी0 आर 0 का अनुमोदनः-

मा0 समिति के समक्ष यह अवगत कराया गया कि सॉलिड वेस्ट मैनेजमेन्ट नियमावली 2016 के प्राविधानों के अनुपालन हेतु तथा मा0 राष्ट्रीय हरित अभिकरण (NGT) द्वारा विभिन्न वादों में इस विषय में कठोर निर्देश दिये गये है कि लिगेसी वेस्ट का निस्तारण कराया जाये। उक्त के क्रम में निकायों में ठोस अपशिष्ट

प्रबन्धन के अन्तर्गत पूर्व से डम्प साइट पर विद्यमान लिगेसी वेस्ट का भली-भांति निस्तारण किया जाना अपरिहार्य है। विगत बैठक में उक्त बिन्दु पर परिचर्चा में यह निर्देशित किया गया था कि विस्तृत डी0 पी0 आर 0 की वेटिंग करते हुए मा0 समिति के समक्ष विचारार्थ रखा जाये। तत्क्रम में 15 निकायों में विद्यमान कुल लगभग 4196746 टन लिगेसी वेस्ट के निस्तारण हेतु लगभग रू0 1,92,00,58,619.00 (रू0 एक अरब बान्वे करोड़ अटठावन हजार छः सौ उन्नीस मात्र) के लागत की विस्तृत रिपोर्ट, आर 0 सी0 यू0 ई 0 एस 0 की वेटिंग रिपोर्ट संलग्न करते हुए, स्वच्छ भारत मिशन-नगरीय के अन्तर्गत गठित राज्य स्तरीय ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन तकनीकी समिति की संस्तुति सहित अनुमोदन हेतु निम्नवत् मा0 समिति के विचारार्थ प्रस्तुत की गईः-

| क्रमांक | निकाय का नाम | लिगेसी वेस्ट की मात्रा (टन में) | डी0 पी0 आर 0 में अनुमानित धनराशि (रू0 में) |
|---|---|---|---|
| 1 | Lucknow (M. Corp.) | 1849902 | 965345715.00 |
| 2 | Prayagraj (M. Corp.) | 833500 | 255800000.00 |
| 3 | Meerut (M. Corp.) | 170936 | 93768000.00 |
| 4 | Bareilly (M. Corp.) | 575578 | 20,30,00,000.00 |
| 5 | Mathura Vrindavan (M. Corp.) | 259358 | 117300000.00 |
| 6 | Muradnagar (NPP) | 95095.85 | 48654000.00 |
| 7 | Gangaghat (NPP) | 40260 | 22704930.00 |
| 8 | Akbarpur (NPP) | 40887 | 23027445.00 |
| 9 | Hardoi (NPP) | 63319 | 37757022.00 |
| 10 | Lakhimpur (NPP) | 76073 | 37762444.00 |
| 11 | Farrukhabad (NPP) | 79941.90 | 45169954.00 |
| 12 | Chandausi (NPP) | 29328 | 18717581.00 |
| 13 | Sikandrabad (NPP) | 25304.28 | 16620969.00 |
| 14 | Gonda (NPP) | 47813 | 25663586.00 |
| 15 | Malihabad (NP) | 9450 | 8766973.00 |
| **Total** | | **4196746** | **1,92,00,58,619.00** |

उपरोक्त के विषयगत मा0 समिति को यह भी अवगत कराया गया कि उक्त डी0 पी0 आर 0 का गठन भारत सरकार के आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय के अधीन संस्थान आर 0 सी0 यू0 ई 0 एस 0 द्वारा तैयार/वेटिंग की गयी है और इस हेतु वेस्ट की मात्रा का आंकलन साइट का स्थलीय भ्रमण करने के साथ-साथ, कंटूर सर्वे (Volumetric Analysis) एवं अन्य तकनीकी विधि के माध्यम से भंली-भांति किया गया है। उपरोक्त समस्त डी0 पी0 आर 0 की राज्य स्तरीय तकनीकी समिति में परीक्षण की गयी और उपरोक्त की संस्तुति के उपरान्त प्रशासकीय विभाग द्वारा उक्त के अनुमोदन हेतु मा0 समिति में उक्त को संस्तुत किया गया है एवं साथ ही साथ नगर आयुक्त, नगर निगम लखनऊ द्वारा लिगेसी वेस्ट के निस्तारण हेतु अनुभवी सरकारी कार्यदायी संस्था से कार्य कराये जाने हेतु अनुरोध किया गया है।

**निर्णय-**मा0 समिति द्वारा उपरोक्त 15 नगरीय निकायों के लिगेसी वेस्ट निस्तारण हेतु प्राप्त प्रस्तावों पर अनुमोदन प्रदान किया गया एवं पूर्व में नगर निगमों के अतिरिक्त निकायों में विद्यमान लिगेसी वेस्ट के निस्तारण हेतु कार्यदायी संस्था सी0 एण्डडी0 एस 0 के माध्यम से कार्य कराया जा रहा है।

अतः पूर्व की भांति नगर निगम के अतिरिक्त निकायों में लिगेसी वेस्ट निस्तारण हेतु कार्यदायी संस्था सी0 एण्डडी0 एस 0 से कार्य कराये जाने के निर्देश दिये गये व नगर निगम लखनऊ द्वारा उनके अनुरोध पर कार्यदायी संस्था सी0 एण्डडी0 एस 0 को नामित कर नियमानुसार लिगेसी वेस्ट के निस्तारण हेतु निर्देश प्रदान किये गये।

अन्त में बैठक सधन्यवाद सम्पन्न हुई।

भवदीय

( अमृत अभिजात )

प्रमुख सचिव

**उत्तर प्रदेश शासन**

**नगर विकास अनुभाग-5**

**संख्या-5563/नौ-5-2022-355 सा/2014**

**लखनऊः दिनांक 29 नवम्बर, 2022**

प्रतिलिपिः-समस्त संबंधित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित-

1-संबंधित अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव, उत्तर प्रदेश शासन।

2-राज्य मिशन निदेशक, स्वच्छ भारत मिशन-नगरीय, उत्तर प्रदेश।

3-स्टाफ आफिसर, मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश शासन

4-निदेशक, नगरीय निकाय, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

5-बैठक में उपस्थित समस्त अधिकारी।

6-कम्प्यूटर सेल-नगर विकास अनुभाग-5 की वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।

-6-

7-गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

29.11.2022

( कल्याण बनर्जी )

संयुक्त सचिव